भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3333
गुरुवार, 21 अगस्त, 2025/30 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**गुजरात को वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा दिया जाना**

**3333 श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात को एक वैश्विक पर्यटन स्थल, विशेषकर द्वारका और अंबाजी मंदिरों में विरासत, आध्यात्मिक और पर्यावरण-पर्यटन सर्किट के रूप में बढ़ावा देने के लिए क्या पहलें की गई है;

(ख) गिर, सोमनाथ, द्वारका और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसे स्थलों में अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय सहायता की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या गुजरात के द्वारका और अंबाजी आध्यात्मिक स्थलों के लिए स्वदेश दर्शन या प्रसाद योजनाओं के तहत किसी नई पर्यटन योजना पर विचार किया जा रहा है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) राज्य में पर्यटन क्षेत्र का रोजगार पर क्या प्रभाव पड़ा है और ग्रामीण एवं जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने के क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय गुजरात के विरासत, आध्यात्मिक, ग्रामीण, जनजातीय और पारिस्थितिकी पर्यटन स्थलों सहित भारत के विविध पर्यटन स्थलों और अनुभवों का समग्र रूप से संवर्धन करता है, जिसमें संवर्धन कार्यक्रम, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता, वेबसाइट, सोशल मीडिया हैंडल से प्रचार आदि सहित विभिन्न पहल शामिल हैं।

(ख) और (ग): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है।

गुजरात राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों की राज्यवार संख्या से संबंधित आंकड़े नहीं रखता है। हालाँकि, पिछले पाँच वर्षों में भारत में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार परिदृश्य नीचे दिया गया है:

| **क्र. सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **नौकरियों की कुल संख्या (करोड़ में)** |
|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | 6.94 |
| 2 | 2020-21 | 6.81 |
| 3 | 2021-22 | 7.00 |
| 4 | 2022-23 | 7.62 |
| 5 | 2023-24 | 8.46 |

स्रोत: आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण पर आधारित अनुमान

*****

**अनुबंध**

श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई द्वारा गुजरात को वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा दिये जाने के संबंध में दिनांक 21.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3333 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

**गुजरात राज्य में स्वदेश दर्शन योजना 1.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र. सं. | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारडोली-दांडी का विकास | 59.17 | पूर्ण |
| 2. | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर-मोढेरा का विकास | 91.12 | पूर्ण |
| 3. | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़-गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ-भावनगर-राजकोट-मेहसाणा का विकास | 26.68 | पूर्ण |

**गुजरात राज्य में स्वदेश दर्शन योजना की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: वडनगर में प्रकाश और संस्कृति | 17.29 | जारी है |
| 2. | 2024-25 | हरसिद्धि तट, पोरबंदर में सेक्रेड ओशन रिट्रीट | 24.66 | जारी है |
| 3. | 2024-25 | थोल: परिवर्तनकारी पर्यटन 'सौहार्दपूर्ण स्थिरता, अनुकूलित कौशल' अग्रणी प्रौद्योगिकी | 9.96 | जारी है |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - गुजरात राज्य में वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | पोरबंदर में केर्ली (मोकरसागर) में पारिस्थितिकी पर्यटन गंतव्य | 99.50 | जारी है |
| 2. | 2024-25 | धोर्डो में टेंट सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 | जारी है |

**गुजरात राज्य में तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | पूर्ण |
| 2. | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | पूर्ण |
| 3. | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 | पूर्ण |
| 4. | अंबाजी मंदिर, बनासकांठा, गुजरात में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | जारी है |

*****